Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 20 | बुधवार, 21 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

भाजपा में नवीन युग का आरंभ

# पीएम नरेंद्र मोदी बोले- पार्टी मे मेरे भी बॉस नितिन नवीन

**नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक इतिहास में मंगलवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब 45 वर्षीय नितिन नवीन ने देश की सबसे बड़ी पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं नवीन को अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान कराया, मिठाई खिलाकर बधाई दी और कार्यकताओं के सामने स्पष्ट संदेश दिया कि 'पार्टी के मामलों में अब नितिन नव मेरे बॉस हैं और मैं कार्यकर्ता हूं।' नितिन नवीन ने भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला इस प्रतीकात्मक वक्तव्य ने भाजपा की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति और संगठनात्मक अनुशासन को स्पष्ट रूप से फिर रेखांकित किया। संगठन पर्व के समापन के साथ बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चले चुनावी प्रक्रिया के बाद नवीन को अध्यक्ष घोषित किया गया। सोमवार को पार्टी में केवल उनका ही नामांकन हुआ था लिहाजा मतदान की जरूरत ही नहीं पड़ी। पदभार ग्रहण करने के बाद नितिन ने प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा की साधना है। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में इस दायित्व को स्वीकार कर रहा हूं और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा।



लोकतंत्र का महासंगम

## जुटेंगे 70 से अधिक देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।**

लोकतंत्र को अपनी पारदर्शी चुनावी प्रक्रियाओं के जरिए सशक्त बनाने में जुटे दुनिया भर के 70 से अधिक देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों का बुधवार से अगले तीन दिनों तक दिल्ली में जमावड़ा रहेगा। इस दौरान वह न सिर्फ अपनी बेहतर चुनावी प्रक्रियाओं व नवाचार को सभी के साथ साझा करेंगे बल्कि चुनावी प्रक्रिया के सामने खड़ी होकर चुनौतियों से निपटने के लिए भी मिलकर समाधान खोजेंगे।

इस बीच दुनिया भर के चुनावी प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों का दिल्ली पहुंचना शुरू हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग की अगुवाई में नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से 23 जनवरी के बीच आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में दुनिया के 70 से अधिक देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही चुनावी सुधार और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़े कई अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के भी प्रतिनिधि में इसमें हिस्सा लेंगे।




भारत निर्वाचन आयोग की अगुवाई में नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से 23 जनवरी के बीच आयोजित

## संक्षेप खबर

### ट्रंप 2.0 का एक साल: धमाके, गिरफ्तारियां और 'अटेंशन' की राजनीति



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के एक साल बाद पूरी दुनिया एक ऐसे दौर की गवाह बनी है, जहां 'शांति' शब्द शब्दकोश से गायब नजर आता है। हवाई हमलों से लेकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति की नाटकीय गिरफ्तारी तक, ट्रंप के इस कार्यकाल ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और घरेलू राजनीति के हर नियम को चुनौती दी है। ट्रंप केवल सत्ता नहीं चला रहे, बल्कि वे अपनी चिर-परिचित शैली में दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। उनके हर ट्रुथ सोशल पोस्ट के अंत में लिखा जाने वाला वाक्य–ह्लआपके ध्यान के लिए धन्यवादह्व–अब महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि ट्रंप 2.0 की अराजक लेकिन सोची-समझी राजनीति का प्रतीक बन चुका है। ट्रंप के समर्थक और आलोचक दोनों इस बात पर सहमत हैं कि वे लगातार लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में माहिर हैं। उनके सोशल मीडिया पोस्ट, बयान और राजनीतिक रैलियां अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं, चाहे उनका विषय कुछ भी हो। 'द वॉशिंगटन पोस्ट' के एक विश्लेषण के अनुसार, दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद से ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कई बार ₹आपके ध्यान के लिए धन्यवाद₹ लिखा है। यह वाक्यांश अब उनके संदेशों का एक विशिष्ट हिस्सा बन गया है, जो यह दशार्ता है कि वे सार्वजनिक ध्यान को कितना महत्व देते हैं।

## जोधपुर-जैसलमेर हाईवे पर गाड़ी के उड़े परखच्चे, चार की लोगो की मौत,16 घायल

**जोधपुर।**

जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर मुलानाडा रायल्टी नाके के पास मंगलवार को एक डंपर और बस की भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री गुजरात के निवासी हैं। वे रामदेवरा में बाबा रामदेव मंदिर के दर्शन कर जोधपुर के रास्ते गुजरात लौट रहे थे।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। जोधपुर के एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक डा विकास राजपुरोहित ने हादसे में चार की मौत और 16 के घायल होने की पुष्टि की है। दो घायल यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। मुताबिक, बस में गुजरात के अरावली और साबरकांठा जिलों से महिलाओं और बच्चों समेत 47 यात्री सवार थे। यह हादसा शाम करीब 4:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि उल्टी दिशा से तेज गति में आ रहे डंपर ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर बस से आमने-सामने टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कई यात्री बस के अंदर फंस गए। शुरूआती जांच में डंपर की तेज गति को हादसे का कारण माना जा रहा है।



### खड़े ट्रेलर में कार घुसने से यूपी के तीन की मौत

जयपुर–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–48 पर चंदवाजी के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में अनियंत्रित कार के घुसने से उसमें सवार उत्तर प्रदेश के वाराणसी निवासी बसंती, उनके पुत्र विवेक कुमार और पुत्रवधू पूजा सिंह की मौत हो गई।

चंदवाजी पुलिस थाना अधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया कि मंगलवार सुबह दिल्ली की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकरा गई।

घायलों से पूछताछ में पता चला कि कार में सवार सभी लोग खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। माना जा रहा है कि कार चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ।

बांग्लादेश संकट:

### भारत ने ढाका से अपने अधिकारियों के परिजनों को स्वदेश लौटने को कहा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने मंगलवार को वहां तैनात भारतीय अधिकारियों के परिवारों को वापस बुलाने का फैसला किया है। नई दिल्ली का यह कदम बांग्लादेश में संसदीय चुनाव होने से कुछ सप्ताह पहले आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर उच्चायोग और अन्य दूतावासों में तैनात अपने अधिकारियों के आश्रितों को भारत लौटने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मिशन और सभी चौकियां खुली और कार्यरत हैं।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद को नोटिस देना हिन्दू धर्म पर हमला: कांग्रेस



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने प्रयागराज माघ मेले में दुर्व्यवहार के बाद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस दिए जाने पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया है।

पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा आधी रात को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर यह कहना कि वह उन्हें शंकराचार्य नहीं मानती यह घमंड की पराकाष्ठा है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के साथ हुए अभद्र व्यवहार पर कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पार्टी मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि हिंदू समाज समेत पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौन को देख रहा है और इसके लिए उन्हें माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या पर शाही स्नान के लिए जा रहे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी को पुलिस ने न केवल रोक बल्कि मारपीट की जिसमें उनके कई शिष्य घायल हुए। इस अपमान के विरोध में शंकराचार्य पिछले 48 घंटों से बिना अन्न-जल के कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि माफी मांगने की जगह उत्तर प्रदेश प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर पूछा कि वह अपने नाम के आगे शंकराचार्य कैसे लिख रहे हैं और यह विनाश काले विपरीत बुद्धि जैसा है। कोई कलक्टर या मुख्यमंत्री यह तय नहीं कर सकता कि कौन शंकराचार्य है क्योंकि यह हिन्दू धर्म का अपना विषय है।

## 10 फरवरी के बाद इंडिगो की कोई उड़ान नहीं होगी रद, सरकार को दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को आश्वासन दिया है कि 10 फरवरी 2026 के बाद उसकी कोई उड़ान रद नहीं होगी। कंपनी ने यह भरोसा इस आधार पर दिया है कि उसके पास जितनी नियमित उड़ानें हैं, उसके हिसाब से पर्याप्त पायलट और क्रू हैं। एयरलाइन ने दावा करते हुए यह भी कहा है कि जितनी जरूरत है उससे ज्यादा पायलट उसके पास हैं। इस बारे में डीजीसीए की तरफ से यह जानकारी दी गई है कि 10 फरवरी, 2026 को इंडिगो को कुल 4,330 पायलटों की जरूरत होगी जबकि उसके पास 4,640 पायलट होंगे। इससे नई फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो सकेगा और परिचालन में कोई व्यवधान नहीं आएगा। उड्डयन नियामक ने बताया कि फरवरी 10 के बाद परिचालन स्थिर रहेगा। 10 फरवरी, इंडिगो एयरलाइंस के लिए नियामक एजेंसी की तरफ से तय डेडलाइन है, जिसके बाद एयरलाइन को पूरी तरह से नए और सख्त फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों का पालन करना होगा। उसके बाद कोई छूट नहीं मिलेगी। एयरलाइन के पास अभी कमांड पायलट (पीआइसी) 2400 हैं, जबकि आवश्यकता 2,280 की है। इसी तरह फ?र्स्ट ऑफिसर (को-पायलट) 2,240 हैं जबकि जरूरत 2,050 की है। इससे प्रोजेक्टेड ऑपरेशनल जरूरतों के मुकाबले पर्याप्त पायलट उपलब्ध हैं।




सनद रहे कि दिसंबर, 2025 के पहले हफ्ते में भारतीय हवाई सेवा में 62 फीसद हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइट रद हुई थी या उन्हें काफी विलंब से चलाया गया था। सिर्फ 3 से 5 दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानें विलंबित रहीं, जिससे देशभर के हवाई अड्डों पर तीन लाख से अधिक यात्रियों को परेशानी हुई। इस पूरे प्रकरण पर नागरिक विमानन मंत्रालय की तरफ से गठित समिति की रिपोर्ट पर पिछले हफ्ते कार्रवाई की गई है।

## जगन्नाथ मंदिर को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**अनुगुल।**

ओडिशा के पवित्र धाम पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। विश्व प्रसिद्ध इस 12वीं सदी के मंदिर की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। धमकी भरी सूचना मिलने के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और मंदिर परिसर के भीतर व बाहर निगरानी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार, धमकी मिलने के बाद जिला पुलिस और मंदिर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड की मदद से मंदिर के आसपास के संवेदनशील इलाकों की जांच की जा रही है।



दूसरा और अधिक प्रभावी सिस्टम 26 से 28 जनवरी के बीच असर दिखा सकता है

## फिर लौटेगी कड़ाके की ठंड, आमजन परेशान

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में सर्दियों का असली रंग फिर आने वाला है। अगले दो-तीन दिनों के बाद से एक सप्ताह तक उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने जा रहा है।

लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते थोड़े अंतर से उत्तर-पश्चिम भारत का मौसम फिर बदलेगा। पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी और मैदानों में उनसे जुड़ी चक्रवाती हवाओं के कारण बारिश, तेज हवाएं और तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार पहला पश्चिमी विक्षोभ 22-23 जनवरी के बीच सक्रिय होगा, जबकि दूसरा और अधिक प्रभावी सिस्टम 26 से 28 जनवरी के बीच असर दिखा सकता है।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में 22 से 26 जनवरी के बीच व्यापक बारिश और बर्फबारी हो सकती है। खासकर 22 और 23 जनवरी को कश्मीर घाटी में तथा 23 जनवरी को हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है। इससे पहाड़ों में शीतलहर और तेज हो जाएगी। मैदानी इलाकों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 22 से 24 जनवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 23 और 24 जनवरी को बारिश हो सकती है। इस दौरान कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश से प्रदूषण में कमी आएगी, लेकिन इसके बाद उत्तर-पश्चिम से चलने वाली ठंडी हवाएं तापमान में फिर गिरावट ला सकती हैं। यानी बारिश और बर्फबारी के बाद ठंड का एक और कड़ाका दौर लौट सकता है, जो पिछले सप्ताह जैसी तीव्रता वाला हो सकता है।



## संपादक की कलम से

# भाजपा का नबीन दौर

नितिन नबीन भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में बड़े समारोह के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरूआत की है। नबीन के पक्ष में केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों और संसदीय बोर्ड ने कुल 37 नामांकन प्रस्ताव दिए थे, विरोध में कोई भी नामांकन नहीं था, लिहाजा भाजपा अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। यह भाजपा की स्थापित परंपरा है कि शीर्ष नेतृत्व एक नाम तय करता है और समूचा संगठन उस पर स्वीकृति की मुहर लगा देता है।



ललित शर्मा
संपादक

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाते हुए कभी कोई विरोध, चुनाव की चुनौती सामने नहीं आई, लिहाजा पार्टी में अब नबीन दौर शुरू हो गया है। इसे स्वीकार करना चाहिए। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष 45 वर्षीय, सबसे युवा नेता हैं। उनसे पहले अमित शाह 49 वर्ष और नितिन गडकरी 52 वर्ष के थे, जब वे भाजपा अध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर से यह खबर भी आ गई है कि भाजपा संगठन में अब 70 फीसदी पद 60 साल की उम्र से कम वाले चेहरों को दिए जाएंगे। साफ है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा ने नितिन नबीन के दौर के साथ ही यह प्रचारित करना शुरू कर दिया है कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है और भाजपा जेन जी की पहली पसंद वाली पार्टी है। पार्टी के प्रथम सरोकार, लक्ष्य, प्राथमिकताएं, कार्यक्रम आदि भी जेन जी केंद्रित होंगे। इस सोच और रणनीति के पीछे जनादेश के आंकड़ों का भी योगदान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी से अधिक युवाओं ने भाजपा–एनडीए के पक्ष में वोट दिए। राज्य स्तरीय चुनावों में समर्थन का यह आंकड़ा 45–47 फीसदी तक भी पहुंचा है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने, गृहमंत्री अमित शाह की सलाह से, भाजपा अध्यक्ष के लिए एक निर्विरोध, निर्विवाद और संगठन के अनुभवी युवा चेहरे को चुना है। यह नाम जब सामने आया था, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देश को हैरान कर दिया था। बहरहाल भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को की गई और अटलबिहारी वाजपेयी को प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। भाजपा की पृष्ठभूमि भारतीय जनसंघ में निहित रही है, जिसकी स्थापना 21 अक्तूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय सरीखे साथियों के संग, एक स्कूल के प्रांगण में की थी। आपातकाल के बाद जनता पार्टी के राजनीतिक संगठन का उदय हुआ, तब जनसंघ समेत कई विपक्षी दलों ने अपना निजी अस्तित्व समाप्त कर जनता पार्टी में विलय किया था। नतीजतन 1977 का शानदार, प्रचंड जनादेश विपक्ष को हासिल हुआ, लेकिन 1979 में जनता पार्टी के विघटन के बाद जनसंघ वाले गुट ने भाजपा का गठन किया। राजनीति में 45 साल का सफर कोई लंबा नहीं माना जाता, लेकिन आज भाजपा 17 करोड़ से अधिक सदस्यों और काडर वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह आश्चर्यजनक विस्तार और स्वीकृति है। भाजपा के प्रथम प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने 6 साल तक भारत सरकार का नेतृत्व किया। 26 मई, 2014 से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। वह लगातार तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं। देश के 21 राज्यों में भाजपा–एनडीए की सरकारें हैं। करीब 68 फीसदी देश पर उनका शासन है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के 1654 विधायक हैं और एनडीए विधायकों की संख्या 2300 से अधिक है। भाजपा का लक्ष्य है कि आगामी दो साल में उसके अपने विधायकों की संख्या 1800 को छू सकती है। इतना जनादेश क्या पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल के विधानसभा चुनावों से मिल सकता है? हमें तो यह भी आश्चर्य नहीं लगता।

## कविता

### मजबूर है जनता की सरकार



### स्वागत में बसंत के

स्वागत में बसंत के प्रकृति ने की है मनोरम तैयारी,
आ गई ऋतुराज बसंत की ₹आनंद₹ खुशनुमा सवारी,
फिजाओं में घुली खुशबू कुसुमों के पल्लव पराग की,
और खिल गई बागों में नूतन नन्ही कलियों की क्यारी।

चहक रही है चिड़िया और पंछी कर रहे मधुरम गान,
झूम रही है लताएं खुशी से छेड़ सप्त स्वरों की तान,
बॉह खोल खड़ी हैं दिशाएं छटा बिखरी अनुराग की,
और खिले सुनहरे रंग में जगमग सारे खेत खलिहान।

बह रही तन मन को आनंद देने वाली सुगंधित बयार,
तितलियॉ कर रही गुणगान और भंवरें कर रहे गुंजार,
संचार हुआ नवचेतना का घड़ी आई अवसाद त्याग की,
और फैला दशों दिशाओं से धरा पर अनन्य प्रेम अपार।

बसंत के आने से स्पंदित हुआ जीवन ढेरों खुशियॉ छाई,
सूरज ने ऊर्जा भरी प्राणियों में सुनहरी किरणें मुस्कुराई,
श्वासों में बढ़ा सुख सुंदर व चमकी चेतना भू भाग की,
और मोह कर सभी को बसंत ने की अंतस में रोशनाई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत




बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दशार्ता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। ह्यमराठी मानुषह्ण जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं। इन स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हाशिये पर मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह स्थिति कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का अवसर है। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में उसकी कमजोर होती पकड़ यह सवाल उठाती है कि क्या पार्टी बदलते राजनीतिक परिदृश्य को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में विफल हो रही है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर भी इन परिणामों ने प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसके घटक दल पहले ही प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पराजय उस संघर्ष को और कठिन बना देती है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है। मजबूत बूथ मैनेजमेंट, कैडर आधारित संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक व सांगठनिक संबल उसकी सफलता की आधारशिला बने हैं। यही कारण है कि भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकली, बल्कि कई स्थानों पर अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी। इन चुनावों का व्यापक अर्थ केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। यह परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और आश्वासन की राजनीति को जनता लगातार समर्थन दे रही है। यह राजनीति केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव की अनुभूति कराती है। अंधेरों के बीच रोशनी की किरण की तरह यह राजनीति आम नागरिक को यह विश्वास दिलाती है कि उसका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। इससे राजनीतिक परिभाषाएं ही नहीं बदलीं, बल्कि इंसान की सोच में भी परिवर्तन आया है। मतदाता अब भावनात्मक उकसावे से अधिक ठोस उपलब्धियों और संभावनाओं को महत्व देने लगा है। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव इस बदलाव का सशक्त उदाहरण हैं। बड़े-बड़े दावे करने वालों के बोल ध्वस्त हुए हैं और विकास की राजनीति आगे बढ़ी है। जनता देश को एक नई दिशा, एक नए लोकतांत्रिक परिवेश और एक नई राजनीतिक संस्कृति में देखना चाहती है। यह संस्कृति केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन के तौर-तरीकों में बदलाव की मांग करती है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक का आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक का आयोजन किया गया। इस पर मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर में जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के 600 बेड़ो की स्थापना पूर्ण रूप से राजकीय स्तर पर स्थापना करने के लिए लगातार व्यापार मंडल मांग कर रहा हैं। इस मामले में रामपुर की जनता व व्यापारी समाज लगातार राजकीये स्तर पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने हेतु मांग करता चला रहा हैं जिसके आधार पर जनता के ऊपर हो रहे जुल्म को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक हैं। जनपद रामपुर के जिला चिकित्सालय में जितने भी मरीज हैं किडनी ,लीवर, ब्रेन हेमरेज, के जाते हैं उनका समय पर आवश्यकता अनुसार इलाज न मिल पाने के कारण उनका जिला चिकित्सालय द्वारा रेफर मुरादाबाद, बरेली, गुड़गांव, दिल्ली कर दिया जाता हैं। हजारों गरीबों की मौत जिला चिकित्सालय से रेफर करने के पश्चात रास्ते में ही हो जाती हैं। जिला चिकित्सालय मात्र पर रेफर केंद्र बनकर रह गया हैं। इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक वार्ता कर दो बार अनुरोध किया जा चुका हैं जिस पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 600 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू कराने के आदेश भी जारी किए थे लेकिन अनजान कारणों से मेडिकल कॉलेज शुरूआत का कार्य जानबूझकर लटकाया जा रहा हैं जिससे रामपुर की जनता तड़प तड़प के समय से इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो रही हैं।

## सीएमएस डा. ब्रजेश चन्द्रा हर रोज पूरे जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हैं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रामपुर जिला अस्पताल में सीएमएस डा. ब्रजेश चन्द्रा की अनूठी पहल से जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का बेहतर उपचार हो रहा हैं। सीएमएस हर रोज पूरे जिला अस्पताल का निरीक्षण कर एक-एक मरीज से उनका हाल पूछते हैं जो सराहनीय हैं।

बताते चले कि जिला अस्पताल के सीएमएस डा. ब्रजेश चन्द्रा ने जब से रामपुर जिला अस्पताल का चार्ज संभाला हैं तब से वह जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के पास जाकर सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हैं जिससे पूरा स्टाफ भी सर्तक रहता हैं और मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध कराता हैं। सीएमएस डा. ब्रजेश चन्द्रा ने अपने छोटे कार्यकाल में जिला अस्पताल के सात बाथरूमों को बिल्कुल ठीक करा दिया हैं अब मरीजों व तीमारदारों को बाथरूम के लिए इधर उधर भागना नहीं पड़ता हैं। इसके अलावा बेकार पड़े स्टोरों को खाली कराकर उनका फर्नीचर व बैंचो को ओपीडी हाल में रखवा दिया गया हैं जिससे मरीजों को अब चिकित्सकों को दिखाने के लिए खड़े नहीं होना पड़ रहा हैं। मरीज अब फर्नीचर पर बैठकर अपनी बारी का इंतेजार करते हैं जिससे मरीजों को काफी राहत मिली हैं। जिला अस्पताल में किसी भी वार्ड में अब टूटे बेड नजर नहीं आते हैं सभी बेडो को ठीक कराया जा चुका हैं।

## मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाने का आरोप, विरोध करने पर पति से मारपीट

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी देहात क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने कस्बा निवासी एक युवक पर उसके मोबाइल फोन पर बात करने का दबाव बनाने तथा विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।मंगलवार को थाना क्षेत्र की देहात कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि वह किराये के मकान में रहती है।

आरोप है कि कस्बा निवासी एक युवक ने किसी अन्य युवक के माध्यम से अपना मोबाइल फोन भेजकर उससे बात करने का दबाव बनाया। जब इस बात की जानकारी पीड़िता के पति को हुई तो उसने आरोपी युवक को बुलाकर पूछताछ की और विरोध जताया।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला संवादाता मोहसिन रहमानी** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्ट? के माध्यम से छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करना, ट्रैफिक संकेत का सम्मान करना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना एवं सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग की महत्व के विषय में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सोनी पुत्री उमरदीन, एम ए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर महक पुत्री शाहिद बीए प्रथम वर्ष रही। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ब्रिजेश राठी, सीमा सिंह एवं अमित सिंह शामिल रहे, साथ ही सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जारा पुत्री नफीस बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद बी ए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान जैनब पुत्री नवाब बी ए तृतीय वर्ष प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।

## रील क्रिएटर दिलशाद की पंजाब में मौत, गांव में पसरा मातम

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दिलशाद की पंजाब में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ कार में सवार पंजाब के मानसा जिले के बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप की भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव गंगेरू निवासी दिलशाद अपनी पत्नी दिलशाना के साथ किसी निजी कार्य से पंजाब के मानसा जिले के बुढलाडा गया था। दिलशाद ने अपनी पत्नी को वहां रिश्तेदारी में छोड़ दिया था। इसके बाद वह बुढलाडा निवासी मैकेनिक सुखदीप के साथ अपनी कार में सवार होकर कबाड़ की दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए निकला। रास्ते में अचानक कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर जैसे ही गांव गंगेरू पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी तत्काल पंजाब के लिए रवाना हो गए। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब दिलशाद का शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में गमगीन माहौल छा गया। नम आंखों के साथ परिजनों और ग्रामीणों ने दिलशाद को अंतिम विदाई दी और शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हर आंख नम थी और हर जुबां पर बस एक ही सवाल–यह सब इतनी जल्दी कैसे हो गया।मृतक दिलशाद सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय था।

# बॉलीबाल और एथलीट खेलों के रंगारंग आयोजन से शुरू हुआ युवा प्रतिभा महोत्सव 2026

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवायों की प्रतिभा को निखारकर, व्यक्तित्व विकास करने वाला युवा प्रतिभा महोत्सव 2026 आयोजन का शुभारंभ धूमधाम से किया गया।जिसमें गोवर्धन तहसील के पुलिस उपाधीक्षक सी.ओ.अनिल कुमार सिंह, प्राचीन जंगलेश्वर महादेव के महंत डॉ. दीनबंधु शरण महाराज, व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान ने संयुक्त रूप से गणेश जी महाराज का माल्यार्पण और आरती करके करके किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सी.ओ.अनिल कुमार सिंह ने कहा कि खेल में एक खिलाड़ी जीतता है, दूसरा हारता है। लेकिन मैदान के अंदर और बाहर सभी को आपसी भाईचारे को सदैव बनाए रखना रखें।महंत दीनबंधु शरण महाराज ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि खेलकूद से विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते है।खेलों से विद्यार्थियों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। गोवर्धन व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान ने कहा कि कॉलेज द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करके विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाना प्रशंसनीय है।युवा प्रतिभा महोत्सव कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के डायरेक्टर नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमति मधु शर्मा, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह और पटुका उड़ाकर किया। जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेजों से आये प्रधानाध्यापकों, कोचों, अतिथियों का स्वागत सतीश शर्मा, एवं विपुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव एवं भारत उपाध्याय एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर सभासद अमित गोस्वामी, टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, बालकृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, प्रकाश सिंह, चंद्र शेखर, याचना शर्मा, अर्चना माथुर, नीलम, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशिक आदि उपस्थित रहे। प्रथम दिन के खेलों के आयोजन में वात्सल्य इंटर कॉलेज, गोवर्धन की टीम ने वॉलीबॉल का फाइनल मैच का जीता। वही कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी जतीपुरा की टीम उप विजेता रही। एथलीट गेमों में बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़ का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग 800 मीटर की दौड़ श्री मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर, गोवर्धन की छात्रा वैष्णवी ने पहला, ध्रुव पब्लिक स्कूल अडींग की छात्रा खुशी ने दूसरा, रामचन्द्र इंटर कॉलेज महमदपुर की छात्रा बबिता सिंह, एवं मानसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग 400 मीटर की दौड़ में दीन दयाल इंटर कॉलेज अडींग की छात्रा शिवानी ने पहला, रामचंद्र इंटर कॉलेज की छात्रा परी ने दूसरा, एवं दीनदयाल इंटर कॉलेज की छात्रा मन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही दूसरी ओर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में अरुण प्रथम, नागेंद्र चौहान द्वितीय और शिवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में शिवांश प्रथम, वरुण द्वितीय, अवधेश और लव तृतीय स्थान पर रहे।

# प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य के अपमान की निंदा,जताया रोष

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर स्नान से रोके जाने के मामले में बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु जी महाराज ने रोष जताया है।उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल धर्म और आस्था के दृष्टिकोण से अस्वीकार्य है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करती है।उन्होंने योगी प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस घटना की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल शंकराचार्य के काफिले को रोका गया, बल्कि उनके साथ चल रहे साधु-संतों के साथ मारपीट और निर्दोष ब्राह्मण विद्यार्थियों की शिखा पकड़ कर खींचना जूतों से पीटा गया। इस घटना से आहत होकर शंकराचार्य धरने पर बैठ गए और अंततः दुखी होकर स्नान का बहिष्कार करना पड़ा।उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य हिंदू धर्म के सर्वोच्च संतों में से एक हैं और ऐसे में उनका अपमान अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्वयं को हिंदुओं का संरक्षक बताती है, जबकि उनके सर्वोच्च संतों का सार्वजनिक अपमान किया जा रहा है।उन्होंने घटना में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# राधारानी मानसरोवर पर लगा अव्यवस्थाओं का अंबार



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मांट क्षेत्र के प्रसिद्ध राधारानी मानसरोवर मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने शौचालय की अव्यवस्थाओं और व्याप्त गंदगी व टूटे दरवाजे एवं दयनिय स्थिति को देखकर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध गहरी नाराजगी जताई।मांट क्षेत्र में भीम बांगर के ग्राम प्रधान द्वारा धार्मिक और प्रसिद्ध राधारानी मानसरोवर मंदिर पर विकास कार्यों में बरती गई लापरवाही से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई। उन्होंने कहा कि यहां स्वच्छता के नाम पर कुछ नहीं है। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर जहां प्रत्येक पूर्णिमा को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीजी के दर्शन करने को उमड़ती है उस जगह पर उनके लिए कोई सुविधा धरातल पर नहीं है। अलीगढ़ से आई महिला श्रद्धालु ने कहा कि वाथरूम में अत्याधिक गंदगी जमा है। और उसके दरवाजे तक टूटे पड़े हुए हैं। ऐसे में यहां वाशरूम जाने के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि और सुपुत्र ने किया प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट संस्थान सहायक सिद्ध होगा : देवी सिंह

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** पाली खेड़ा गांव में मंगलवार को कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह और उनके सुपुत्र पार्थ चौधरी ने फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा पाली खेड़ा गांव के जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार यतेन्द्र कुमार द्वारा संचालित कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट संस्थान क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में संस्थान सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चौधरी ने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां स्थापित करेगा। शुभारंभ के अवसर जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार, यतेन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह(डीएम), उनके सुपुत्र का पगड़ी बांध कर पटुका पहनाकर व श्रीराधाकृष्ण तस्वीर देकर जोरदार स्वागत किया।

# सेवानिवृत्ति से पूर्व वकीलों ने किया कमिश्नर का स्वागत



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मण्डलायुक्त शैलैन्द्र सिंह मंगलवार को मथुरा कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण करने आए। उन्होंने सभी पटलों का निरीक्षण कर सायं समीक्षा बैठक भी ली। इस दौरान राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।31 जनवरी को वह सेवा निवृत्त हो जाएंगे।यह उनके शासकीय जीवन का अंतिम निरीक्षण था इसलिए उनका जोरदार स्वागत किया गया। राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि कलेक्ट्रेट का यह निरीक्षण उनके जीवन में यादगार रहे इसलिए परंपरागत रूप से उन्हें बुके व भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई।सभी अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत मालाओं से लादकर किया।सायंकाल कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली।स्वागत करने वालों में देन्द्र पाल सिंह, राधेश्याम खण्डेलवाल, विनोद अग्रवाल, मयंक, विजय सिंह, बांके लाल, मनोज, अमित जैन, योगेश शर्मा, अनुभव पचौरी, राजेन्द्र सिंह, महेश शर्मा सहित करीब 50 अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, 20 हजार का इनामी बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह पत्रकार



**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश का एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है।प्रारम्भिक पूछताछ में घायल/गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम जैद पुत्र एजाज, निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ बताया है।उक्त अभियुक्त थाना गढ़मुक्तेश्वर में गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 20,000 रुपये का इनाम घोषित था।गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़, मेरठ एवं बुलंदशहर में चोरी व गैंगस्टर एक्ट सहित करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, स्तुति सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है और फरार अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# क्वीन ऑफ लखीमपुरह्व सीजन-2 जल्द, इस बार आयोजन शाहजहांपुर में

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर/शाहजहांपुर।** श्वेता शर्मा द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय ब्यूटी एवं टैलेंट शो ह्लक्वीन ऑफ लखीमपुरह्व का सीजनझ्र2 जल्द ही दर्शकों के बीच आने वाला है। इस बार यह भव्य आयोजन शाहजहांपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले व आसपास की प्रतिभाशाली युवतियां अपनी सुंदरता, आत्मविश्वास और हुनर का प्रदर्शन करेंगी। आयोजकों के अनुसार, सीजनझ्र2 को पहले से अधिक आकर्षक और भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसमें फैशन रैम्प वॉक, टैलेंट राउंड और जजमेंट राउंड शामिल होंगे। ह्लक्वीन ऑफ लखीमपुरह्व शो ने पहले सीजन में युवतियों को एक सशक्त मंच प्रदान किया था, वहीं सीजनझ्र2 से भी नई प्रतिभाओं को पहचान मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम की तिथि व अन्य विवरण जल्द जारी किए जाएंगे।

# छतरपुर में गहोई दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ, सूर्य मंदिर

वेलकम इंडिया




**छतरपुर (म.प्र.)।** नगर गहोई वैश्य समाज छतरपुर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय ह्लगहोई दिवसझ्र2026 एवं सामूहिक विवाह महायज्ञह्व का शुभारंभ रविवार को गहोई धाम में भव्य रूप से हुआ। पहले दिन श्री सूर्य मंदिर लोकार्पण एवं श्री सूर्य भगवान पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया।इसके बाद समाजबंधुओं की सहभागिता से शोभायात्रा निकाली गई, जो बुंदेलखंड गैरिज से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, हटवारा, चौक बाजार से होते हुए गहोई धाम पहुंची।

कार्यक्रम में मंचीय आयोजन के अंतर्गत ध्वजारोहण, ध्वज गीत, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, अतिथि उद्बोधन एवं सम्मान समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी (झांसी) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आयोजन समिति द्वारा उनका स्वागत-सम्मान किया गया। डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लसमाज के विकास और संगठन की मजबूती के लिए महासभा के चुनाव में महिला, पुरुष और युवाओं तीनों वर्गों को आगे आकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में नेतृत्व तभी मजबूत होता है जब नई पीढ़ी, महिलाएं और अनुभवी वरिष्ठजन मिलकर जिम्मेदारी संभालें। डॉ. सरावगी ने आगे कहा कि ह्लयदि आवश्यकता पड़ेगी तो मैं जनपद के सभी सामाजिक बंधुओं का पंजीकरण शुल्क जमा करने को भी तैयार हूं।ह्व उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर समाजहित के कार्यों में सहभागिता करने की अपील की।

# रंगोत्सव 2026 के संबंध में उ प्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष और मंडलायुक्त ने ली सभी विभागों की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** बरसाना में स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में रंगोत्सव 2026 के संबंध में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र एवं मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी विभागों की समीक्षा बैठक ली बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण लक्ष्मी एन, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार यादव, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र प्रकाश, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आगामी होली रंगोत्सव 2026 तथा बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली 24 तथा लठामार होली 25 जनवरी 2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उ प्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अवगत कराया है कि मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से सम्बन्धित मंचो, साज-सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी पॉइन्ट आदि का निर्माण एवं लाइव प्रसारण आदि की व्यवस्था पर्यटन विभाग एवं उ०प्र० ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 24 जनवरी 2026 को श्री राधारानी मंदिर में लडडू होली होगी। राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 5, नन्दगाँव में 4, रावल में 2, गोकुल में 2, बल्देव में 2, फालैन में 2, महावन में 1 तथा मथुरा में 5 कुल 23 द्वार बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत बरसाना, नन्दगाँव, फालैन एवं मथुरा जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 25 छोटे स्टेज बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जाएगी जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों पर प्रकाश व्यवस्था,विद्युत सजावट का कार्य किया जाएगा, जिसमें गाजीपुर मन्दिर, संकेत मन्दिर, श्री राधारानी मन्दिर रावल, नन्दकिला नन्दभवन गोकुल, श्री प्रहलाद मन्दिर (प्रहलाद कुण्ड) ग्राम फालैन, होली दरवाजा (होलीगेट) मथुरा, विश्राम घाट मथुरा, ठाकुर श्री दाऊजी मन्दिर बल्देव तथा नन्दभवन चौरासी खम्भा मन्दिर महावन शामिल है। फसाड लाईटिंग का कार्य श्री राधारानी मन्दिर बरसाना तथा श्री नन्द मन्दिर नन्दगाँव में किया जाएगा।

बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने अवगत कराया कि विगत वर्ष बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया था। विगत वर्ष 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए गए थे। 10 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र, 5 दो पहिया एम्बुलेंस तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना में कंट्रोल रूम बनाया गया था। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। अपनी भाषा को मृदुल रखे तथा सेवा के भाव ड्यूटी का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि होटल एवं पार्किंग संचालकों के साथ बैठक करे। होटल एवं पार्किंग संचालक सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करे कि वे अपने जूता-चप्पल होटल या अपनी गाड़ी में उतार कर दर्शन हेतु जाए, क्योंकि दर्शन हेतु एकल मार्ग की व्यवस्था है।

मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि नकली गुलाल बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा कही पर भी नकली गुलाल नहीं बिकना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी बरसाना को निर्देश दिए कि जर्जर भवनों को नोटिस जारी किया जाए तथा रंगीली चौक पर गिरासू छज्जों को हटवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों, गलियों एवं चौकों की पेंटिंग की जाए। लाइटिंग एवं साज सज्जा की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त ने नहरों की सफाई को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूषित एवं मिलावटी प्रदार्थों को नष्ट कराए। सभी दुकानों एवं रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित करे कि नकली सामान नहीं बिकना चाहिए। गुणवत्तापूर्व भोजन एवं अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सभी को सजक करे। भंडारा लगाने वालों को सफाई हेतु निर्देशित किया जाए।

जगह-जगह पर कूडादान लगाए जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत, कुंडो की बैरिकेडिंग, पुलिस बैरियर, वॉचटॉवर, पार्किंग आदि के व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशो को गौशालाओं में पहुंचाए।

# सैनिक सिर्फ जवान नहीं ,बल्कि करोड़ों दिलों की उम्मीद

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी** मिजार्मुराद।चंदौली चहनिया विकासखंड क्षेत्र के नदेसर मारूफपुर स्थित शहीद चंदन राय स्मारक के प्रांगण में मंगलवार को अमर शहीद चंदन राय की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं स्वतंत्र निदेशक भारत इलेक्ट्रॉनिक रक्षा मंत्रालय भारत सरकार शिवनाथ यादव रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री यादव ने शहीद चंदन राय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सुशील सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान कर चंदन राय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य शिवनाथ यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों का खून आजादी का बीज है। स्वतंत्रता कभी दी नहीं जाती,यह बलिदान से प्राप्त होती है। शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम आज स्वतंत्र हैं, क्योंकि उन्होंने अपना कल त्याग दिया। सरहद पर तैनात सैनिक सिर्फ जवान नहीं,बल्कि करोड़ों दिलों की उम्मीद और विश्वास होते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक सुशील सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद चंदन राय एक ऐसे वीर सपूत थे,जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। श्री सिंह ने कहा कि आज का दिन शहीद चंदन राय पर गर्व करने का है। शहीद चंदन राय का योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानद सदस्य एवं कार्यक्रम के संयोजक अम्बरीष सिंह भोला ने कहा कि शहीद चंदन राय की आठवीं पुण्यतिथि हमें देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है। इस गौरवशाली दिन की याद में हम हर साल पुण्यतिथि के अवसर पर विजय दिवस मनाते है। श्री अंबरीश ने कहा कि देश के वीर सपूत चंदन राय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है। शहीद चंदन राय देश के गौरव है, युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को देश की सेना के शौर्य पराक्रम के बारे में भी बताया।भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि आयोजकों द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना प्रशंसनीय है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक,विजय यादव डॉ,संजय त्रिपाठी, कारगिल योद्धा अजय सिंह रघुवंशी,धानापुर ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने भी संबोधित किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बृज नंदिनी कान्वेंट स्कूल के बच्चों व लोकगीत कलाकारों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके देश के अमर बलिदानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# गरुड़ में आयोजित हुआ तहसील दिवस

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़** ।दिनेश नेगी, मंगलवार को तहसील परिसर गरुड़ में मासिक तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार निशा रानी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील दिवस प्रति माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित किया जाता है, जिसके तहत आम जनता की समस्याओं को सुना जाता है और उनका त्वरित समाधान किया जाता है। आयोजित तहसील दिवस में ग्राम सभा चरसों से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें तीन अलग-अलग समस्याएं शामिल थीं। पहली शिकायत वन विभाग से संबंधित थी, जिसमें जंगलों में आग की समस्या बताई गई। दूसरी शिकायत गांव में पेयजल संकट को लेकर थी, जबकि तीसरी शिकायत मोटर मार्ग से जुड़ी हुई थी।तहसीलदार निशा रानी ने संबंधित तीनों विभागों को मौके पर ही अवगत कराते हुए शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कराई और समस्याओं का समाधान कराया गया। तहसीलदार निशा रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ह्लजन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आम जनता को तहसील या जिला मुख्यालय तक दौड़ न लगानी पड़े और उनकी समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही हो ।इस दौरान ग्रामीण और विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया की सरयू नदी तट पर हुई अंत्येष्टि

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**,जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जनपद के सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त स्पेशल फोर्सेज के हवलदार, बागेश्वर जनपद के कपकोट तहसील अंतर्गत बीथी निवासी गजेंद्र सिंह गढ़िया के बलिदान से पूरे जनपद में शोक की लहर व्याप्त है। मंगलवार को शहीद सैनिक का पार्थिव शरीर सैन्य हेलीकॉप्टर के माध्यम से उनके गृह जनपद बागेश्वर के कपकोट लाया गया। पीजी कॉलेज ग्राउंड में ह्लभारत माता की जयह्व एवं ह्लशहीद गजेंद्र सिंह अमर रहेंह्व के गगनभेदी नारों के बीच उनके माता-पिता, पत्नी, परिजन, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।अंतिम संस्कार के दौरान 19 सिख रेजिमेंट सेना की टुकड़ी द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। सैन्य अधिकारियों ने शहीद के अदम्य साहस और राष्ट्र सेवा को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।शहीद का अंतिम संस्कार सरयूझ्रखीरगंगा संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। अंतिम विदाई के समय शहीद के पिता धन सिंह, माता चंद्रा देवी, पत्नी लीला देवी एवं अन्य परिजनों की आंखें नम थीं। वहीं पूरे बीथी गांव सहित क्षेत्रवासियों ने गर्व के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। लोगों ने कहा कि शहीद हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# रामघाट पुलिस ने जरगवां में पैदल गस्त कर जनता को किया जागरूक।

**रामघाट**/ बुलंदशहर/ कार्यवाहक थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह चौधरी ने जरगवां में पैदल ग्रस्त कर जनता को किया जागरूक आपको बता दें रामघाट थाने के कार्यवाहक थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह चौधरी ने मनजीत तिराहे से फौजी चौराहे तक मय पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर जनता को जागरूक किया पैदल गस्त में उप निरीक्षक कृष्ण पालसिंह संजीत कुमार गंगा घाट चौकी प्रभारी आशीष कुमार मनोज कुमार हैड कांस्टेबल अलाउद्दीन कांस्टेबल देवेंद्र सिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# आठ दिवसीय उत्तरायणी मेला सम्पन्न

**पत्रकार सच का साथी मेहता**



**बागेश्वर**,आठ दिवसीय उत्तरायणी मेले का मंगलवार को समापन हो गया है। मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास ने कहा कि बागेश्वर के उत्तरायणी मेले पहचान पूरे भारत में है। यह एक ऐसा मेला है जहां संस्कृति, व्यापार व राजनीति एक साथ देखने को मिलती है। कुली बेगार जैसी कुप्रथा का अंत भी इसी बगड़ से हुआ था।उत्तरायणी मेले के माध्यम से बागेश्वर जिले को देश विदेश में पहचान मिली हुई है।मेला विभिन्न संस्कृतियो को सजोए रखने का प्रमुख साधन है। नए गीत, झोड़ा, चांचरी और छपेली भी इसी मेले में बनते हैं। नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने में मेलों का विशेष महत्व है। नुमाईशखेत रंगमंच पर आयोजित पुस्कार वितरण समारोह में विधायक दास ने कहा कि इस बार के मेले में स्थानीय कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चों को बेहतरीन मंच मिला है।

पुलिस व प्रशासन ने भी मेला संपन्न कराने में विशेष सहयोग दिया। नगर पालिका ने मेलार्थियों के लिए बेहतरीन सुविधा दी थी। लोगों ने शांतिपूर्वक मेले का आनंद लिया। दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि गंगा स्नान का यह मेला विशेष मेला है। स्थानीय लोगों के अलावा प्रवासी भी अपने बच्चों के उपनयन व चूड़ाकर्म कराने के लिए यहां आते हैं। नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मौसम ने भी इस बार मेलार्थियों पर विशेष कृपा की। आठ दिन मौसम साफ रहने से बाहर से आए व्यापारियों ने भी अच्छा करोबार किया। भविष्य में मेले को और बेहतर बनाया जाएगा।सीडीओ आर सी तिवारी ने कहा1कि बागेश्वर का उत्तरायणी मेला ऐतिहासिक है यहां देश विदेश से सैलानी, धार्मिक अंश,यज्ञोपवीत संस्कार करने यहां आते हैं,जिलाधिकारी के विशेष सहयोग से उत्तरायणी मेला भव्यता से आयोजित हुआ, उन्होंने मेले को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा सफलता पूर्वक मेले को सम्पन्न करने में अपना विशेष सहयोग दिया।साथ ही मेले को सम्पन्न करने हेतु नोडल और सैक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कराई गई थी, उन्होंने भव्य और ऐतिहासिक मेले के कुशल आयोजन हेतु मेलाकमेटी,मेलाध्यक्ष और मेलाधिकारी को बधाईया दी। मेलाधिकरी प्रियंका रानी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर भुवन कांडपाल हरीश सोनी, संजय साह जगाती, रघुवीर दफौटी, मनोज कपकोटी आदि मौजूद रहे। संचालन जयंत भाकुनी, दीपक खेतवाल व अजय चंदोला ने किया। कृषि उद्यान विभाग का स्टॉल रहा अव्वल बागेश्वर।

नुमाईशखेत मैदान में विभिन्न विभागों के साथ ही महिला समूहों के भी स्टॉल लगे थे। स्टाल प्रदर्शन में उधान व कृषि विभाग प्रथम, उधोग विभाग दूसरे व वन विभाग तीसरे नंबर पर रहा। समापन पर विधायक, दर्जा मंत्री व सीडीओ आरसी तिवारी ने उन्हें सम्मानित किया।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाजनों ने जताया हर्ष

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी** मिजार्मुराद । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन को निर्विरोध निर्वाचित होने के गौरवशाली अवसर पर मंगलवार को अजगरा विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष जताया। विधानसभा संयोजक एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की।भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि नितिन नबीन का निर्विरोध चुना जाना संगठन की मजबूती और कार्यकताओं के प्रति शीर्ष नेतृत्व के अटूट भरोसे की जीत हैं।नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में संगठन को नई गति और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अखंड प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, भोला गुरु, सुभाष सिंह, श्वेतांक तिवारी, विपिनचंद्र राय, विनय सिंह 'हिटलर', लक्ष्मण सिंह, अजय मिश्रा, हर्ष भारती, विशाल सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित रहे।

# बीएलओ 887 रुपए मानदेय मिलने से चकराये

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली**। जिले में मतदाता सूची के एसआईआर का कार्य हालांकि 4 नवंबर 2025 से प्रारंभ हो गया था और इस कार्य का प्रथम चरण 26 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया गया। लेकिन पहले चरण के कार्य के बाद इस काम में लगे बीएलओ को उम्मीद थी, कि अब उन्हें उनका सालाना मानदेय जो की 12000 रुपए है के मासिक भुगतान की राशि 1000 रुपए और एसआईआर के कार्य के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बताई गई धनराशि 5000 रुपए मिल सकेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, बल्कि एसआईआर के कार्य में लगे बीएलओ को 887 रुपए उनके बैंक खाते में दिए गए। इसको लेकर बीएलओ अब इस सोंच में पड़ गए हैं कि आखिर दिसंबर 2025 माह में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से बीएलओ को दी जाने वाली धनराशि को दोगुना करने वाले आयोग और प्रशासनिक अमले ने यह कटौती आखिर क्यों की? आपको बता दें कि मतदाता सूची 2025 और 2003 की मैपिंग के आधार पर यह एसआईआर का कार्य अभी भी चल रहा है और इस समय इसका दूसरा चरण चल रहा है इस चरण में मतदाता सूची 2025 में से अनुपस्थित, शिफ्टेड, डबल, डेथ, और अनट्रेसेबल को हटा दिया गया है और जिन लोगों की मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सकी है उनको नोटिस दिए जा रहे हैं जिनकी संख्या जनपद में 252951 बताई जा रही है। इन मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर अपने जन्म का स्थान अपने जन्म की तिथि व मतदाता सूची में रहने का दवा पेश करना होगा, तब ही इन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखे जा सकेंगे। इसी बीच प्रशासन की तरफ से एक नई सूचना और भी प्रसारित हो रही है जिसमें अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है इसी को लेकर तमाम बीएलओ ग्रुपों में सुपरवाइजर, एईआरओ द्वारा समय-समय पर प्रतिदिन 200 प्रारूप 6 (नया आवेदन) फार्मों का लक्ष्य रखा गया है।

# मवीरों के बैंड ने बच्चों को किया मंत्रमुग्ध

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली**। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न सारा देश मना रहा है। इस क्रम में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के बैंड ने आज श्री गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड ब्रांच बरेली में विभिन्न धुनों के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की अलख जगाने का प्रयास किया। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की तृतीय वाहिनी के कमांडेंट श्री पवन सिंह के निर्देशन में नोडल अधिकारी श्री मोहित वर्मा द्वितीय कमान, आई.टी.बी.पी. की अगुआई में आज बल का बैंड प्रातः विद्यालय पहुंचा। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत और जूनियर विंग की समन्वयक डॉ विनीता सक्सेना ने डॉ मोहित वर्मा, द्वितीय कमान को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य श्री रावत ने उनका परिचय प्रस्तुत किया। तत्पश्चात असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मोहम्मद दानिश के संचालन में बैंड कमांडर ताजवर सिंह के नेतृत्व में बैंड ने विभिन्न फिल्मी, गैर फिल्मी और देशभक्ति पूर्ण धुनों के माध्यम से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में डॉ मोहित वर्मा, द्वितीय कमान ने कहा कि सैनिक देश की रक्षा में सजग रहकर अपना कर्तव्य निभाते हैं और देश की सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सैनिक सीमाओं की रक्षा करते हैं तो हमारा कर्तव्य है कि हम सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति सम्मान और सहायता का भाव रखें। कार्यक्रम का समापन बैंड द्वारा वंदे मातरम् की सुरीली उत्साहित करने वाली धुन के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम का संचालन रजनीश त्रिवेदी और मोहम्मद दानिश ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थीगण एवं अध्यापकवृंद उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कपकोट तहसील का किया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**





**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कपकोट तहसील का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सहायक उप निबंधक सप्ताह में अनिवार्य रूप से दो दिन तहसील कपकोट में बैठकर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। इसके लिए तत्काल पत्राचार करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया का नियमानुसार निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाए एवं राजस्व एवं जनसेवा से जुड़ी प्रक्रियाओं में अधिकतम डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राजस्व परिषद द्वारा हाल ही में ई-भूलेख, भू-मैप, ई-परमिशन,एग्री लोन एवं ई-आरसीएस जैसे कई ऑनलाइन पोर्टल शुरू किए गए हैं। इन पोर्टलों के माध्यम से भूमि अभिलेखों का सत्यापन, नक्शों की ऑनलाइन उपलब्धता तथा संपत्ति से संबंधित अनुमतियां अब डिजिटल रूप से प्राप्त की जा सकती हैं।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। लैंडलाइन फोन बंद पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे तत्काल सुचारु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन एवं सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम का सक्रिय रहना अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर दिया तथा निर्देश दिए कि तहसील स्तर से निर्गत होने वाले सभी प्रमाण पत्र निर्धारित समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, तहसीलदार नितिशा आर्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उज्जवल फाउंडेशन ने आर्थिक रूप से कमजोर युवती के विवाह में दिया सहयोग



**वेलकम इंडिया**

**झांसी**! उज्जवल फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत नेहा सेन के विवाह के उपलक्ष्य में उन्हें आवश्यक उपहार भेंट किए गए। नेहा सेन की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ न होने के कारण उन्होंने उज्जवल फाउंडेशन से सहयोग की अपील की थी, जिस पर फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उज्जवल फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों में सुमन साहू, दीप्ति सोनी, नवनीता जैन, इंदू कपूर, अलका श्रीवास्तव, दीपशिखा, अंजु यादव, रजनी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, शोभा गोस्वामी एवं शशि साहू ने मिलकर नेहा सेन को विवाह हेतु उपहार भेंट किए।

# डीएम की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अभियान के क्रम में सुपर जोनल/जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अभियान के क्रम में सुपर जोनल/जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 में दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त किया जाए, जैसे पात्र मतदाता, छूटे हुए मतदाता का नाम फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाए। मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम, मृतक, शिफ्टेड मतदाताओं का नाम यदि मतदाता सूची में अंकित है उन मतदाताओं का फॉर्म 7 भरकर नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में त्रुटि पूर्ण है वह मतदाता अपना नाम फॉर्म 8 भरकर शुद्ध करवा सकते हैं। समीक्षा बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आंकड़े बार जानकारी प्राप्त करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में मा0 निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार व गाइड लाइन के अनुसार समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयंत सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीण कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, बांट माप अधिकारी वीपी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कानून की जानकारी ही कानून का बचाव-अपर जिला जज


वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मंगलवार को दुधारा थानाक्षेत्र के राजापुर सरैया गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि कानून की जानकारी रखना ही कानून का बचाव है उन्होंने कहा कि विधिक जागरुकता के अभाव में हम अपने अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने प्राधिकरण द्वारा संचालित स्थाई लोक अदालत, प्री लिटिगेशन, मिडिएशन, एलएडीसीएस के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जनपद में आगामी 22 फरवरी को प्राधिकरण द्वारा आयोजित होने वाले वृहद कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इसके साथ ही नालसा द्वारा संचालित टोलफ्री नंबर 15100 के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इस दौरान मुख्य रुप से ग्राम प्रधान श्याम सुंदर गौंड, सहायक सचिव कन्हैया चौहान, प्राथमिक शिक्षक रमेश शुक्ला, पीएलवी नीरज समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे का कहर :मेरठ में बाइक सवार युवक की उंगलियां कटीं





वेलकम इंडिया

**मेरठ**(जाकिर तुर्क)कस्बा शाहजहांपुर निवासी मुगीस एहसन खान अपने दोस्त महबूब के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ हापुड़ अड्डा स्थित युग हॉस्पिटल के सामने पहुंचे,सड़क पर फैले प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा इतना धारदार था कि मुगीस के हाथ की उंगलियां बुरी तरह कट गईं और मौके पर ही खून बहने लगा।हादसे के तुरंत बाद साथी महबूब ने सूझबूझ दिखाते हुए घायल मुगीस को युग हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी उंगलियों में 7 टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज न मिलता तो नुकसान और भी गंभीर हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही कैलाशपुरी चौकी प्रभारी सचिन कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से जानकारी ली।वहीं नौचंदी थाना अध्यक्ष इलम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस-प्रशासन पर बड़ा सवाल जब चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो फिर यह जानलेवा मांझा खुलेआम सड़कों पर कैसे बिछा मिल रहा है ?क्या प्रशासन की सख्ती सिर्फ कागजों तक सीमित है ?

आखिर कब रुकेगा चाइनीज माँझे का भण्डारण और लोगों की जान लेने का सिलसिला ?

# शिक्षक संकुल बैठकों में विभागीय एजेंडे पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया,टाण्डा।




**मंगलवार** को खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्यायपंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग ववस्था की गई थी। शिक्षक संकुलों द्वारा एजेंडा बिंदुओं का परस्पर विभाजन कर सत्रों का प्रभावी संचालन किया गया। न्यायपंचायत रानीनांगल की बैठक प्राथमिक विद्यालय मुंडिया प्रथम में आयोजित हुई। इस दौरान शिक्षक संकुलों द्वारा संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा-शिक्षण में उपयोग करने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल मोहम्मद रिजवान, सुभाष सागर एवं मोहसिन अख्तर ने बताया कि 27 जनवरी से डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन कराया जाना प्रस्तावित है। सभी शिक्षकों से कहा गया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों का नियमित आकलन करते रहें। विभागीय दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में ईको क्लब को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक आकाशवीर सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह, शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, योगेन्द्रपाल सिंह, राजकुमार सिंह, मौ0 लईक सैफी, मोहम्मद अली, प्रेम सिंह, फहीम अहमद, आदर्श कुमार, साजिद अली, मलखान सिंह, राकेश वर्मा, शालिनी रस्तोगी, अर्चना भटनागर, सुगन्धबाला, सोफिया, प्रीति शर्मा, चंचल सिंह, रुपाली यादव, सविता तिवारी और अंशु आदि मौजूद रहे।

# गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य - मोहम्मद आबिद

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव दरियाबाद में ग्राम प्रधान अब्दुल फत्ताह के निर्देश के क्रम में प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी मोहम्मद आबिद ने ठण्ड से बचाने के लिए गरीबों और जरुरतमंदों के बीच लगभग 700 कंबल का वितरण किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी मोहम्मद आबिद ने कहा कि गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है। हमें समाज के गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे पर पुलिस का सख्त एक्शन, मेरठ में चला विशेष अभियान

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** हापुड़ अड्डा क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार युवक का हाथ कटने की गंभीर घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पूरे जनपद में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।क्षेत्राधिकारी कैंट श्रीमती नवीना शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान दुकानदारों को साफ चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद या भंडारण करना कानूनन अपराध है।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की बिक्री या इस्तेमाल की सूचना मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की गई कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।अभियान के दौरान पुलिस ने आमजन को भी जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझा दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, वहीं यह पक्षियों और पर्यावरण के लिए भी बड़ा खतरा है।पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि जनसुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए चाइनीज मांझे के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ज्वैलर्स की दुकान में लूट का प्रयास करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलंदशहर** स्वाट टीम व थाना गुलावठी पुलिस द्वारा ज्वैलर्स की दुकान में लूट का प्रयास करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा कब्जें से 05 मोबाइल फोन (01 लूटा गया व 04 अन्य), घटना में प्रयुक्त गाडी व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त पुनीत तोमर पुत्र प्रदीप तोमर निवासी ग्राम बराल थाना गुलावठी देवेश तेवतिया पुत्र सतेन्द्र तेवतिया निवासी ग्राम ढहर की मडैया थाना गुलावठी प्रवेन्द्र सिरोही पुत्र नरेन्द्र सिरोही निवासी ग्राम सैदपुर थाना बी0बी0नगर जनपद बुलंदशहर के अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए इन सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# प्रयागराज संगम घाट पर शंकराचार्य को स्नान से रोकना व ब्राह्मणों का अपमान बेहद निंदनीय: पंडित रविकांत शर्मा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़** दिल्ली/प्रयागराज। विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा ने प्रयागराज संगम घाट पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि संगम घाट पर गंगा स्नान के दौरान स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा सेवादारों एवं ब्राह्मणों के साथ कथित मारपीट, शिखा खींचने और अपमानजनक व्यवहार की घटना संपूर्ण सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का घोर अपमान है।पंडित रविकांत शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि इस घटना से देशभर में आक्रोश व्याप्त है और इससे उत्तर प्रदेश व भारत सरकार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) प्रयागराज की इस संपूर्ण घटना की घोर निंदा करता है।उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में मथुरा-वृंदावन से लेकर काशी तक, कथित तौर पर चंद पूंजीपतियों के इशारे पर कॉरिडोर व विकास कार्यों के नाम पर तीर्थ स्थलों पर ब्राह्मणों के पुराने घर, भवन और प्राचीन मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, जो कि अत्यंत अन्यायपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण है।पंडित रविकांत शर्मा ने कहा कि इतिहास और शास्त्र साक्षी हैं कि जब-जब ब्राह्मणों पर अत्याचार बढ़ा है, तब-तब ईश्वरीय शक्तियों ने उनकी रक्षा की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ह्लविनाश काले विपरीत बुद्धिह्न—मनुष्य को बुरे कर्मों से बचना चाहिए।

# गैंगस्टर में वांछित 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा कारतूस बरामद।

**बुलंदशहर**/थाना खानपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त को उसके मस्कन से अवैध असलहा व कारतूस सहित उमर मौहम्मद पुत्र शेर मौहम्मद निवासी ढलना थाना नरसैना जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खानपुर पर पंजीकृत मुअसं- 01/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बुलंदशहर द्वारा 10 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खानपुर पर मुअसं-07/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**।भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के बैनर तले आज बृजघाट टोल प्लाजा पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केशव भारद्वाज

जिला अध्यक्ष, मजदूर सभा, हापुड़ की ओर से किया गया।इस अवसर पर संगठन से जुड़े किसानों, मजदूरों एवं कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर किसान हित, मजदूर हित एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता का परिचय दिया तथा अपनी आवाज को मजबूती से बुलंद किया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है और यह संघर्ष आखिरी सांस तक जारी रहेगा। संगठन ने एकता और मजबूती के साथ आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# प्राथमिक विद्यालय अनौना में संकुल मीटिंग सफलता पूर्वक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**पहासू**/बुलंदशहर/पहासू मंगलवार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक विद्यालय अनौना न्याय पंचायत उटरावली ब्लॉक पहासू में संकुल मीटिंग का आयोजन किया गया इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम सिंह के द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार राज द्वारा किया गया सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधि पूर्वक शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक ने टीएलएम के द्वारा अपने-अपने विचार रखें तथा कार्यक्रम के अंत में सभी ने आगामी समय में अपने-अपने विद्यालय को निपुण बनाने के लिए शपथ ली गई इस मौके पर प्रधान अध्यापक प्रवीण शर्मा संकुल शिक्षक राजकुमार चौधरी हेमंत कुमार सिंह सरोज बाला ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा विभाग की अनेक नई जानकारी दी गई मीटिंग में न्याय पंचायत के सभी शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक उपस्थित रहे!

# थाना बाबूगढ़ पुलिस ने छापा मारकर अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

**हापुड़।** जनपद में अवैध पटाखों के निर्माण एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बाबूगढ़ पुलिस ने छापा मारकर अवैध पटाखे तैयार/भंडारण करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 200 किलोग्राम गन कॉटन पाउडर, 2000 नग तैयारशुदा गन कॉटन पाउडर सैलनुमा कैंडल, 27 बंडल खाली खोखे तथा अवैध पटाखे बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपने अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर फतेहपुर कुचेसर चौपला स्थित राहुल के किराए के मकान में अवैध रूप से पटाखे तैयार करता था तथा उन्हें आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई कर आर्थिक लाभ अर्जित करता था।पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश हेतु दबिश दी जा रही है।

# वाराणसी में रोजगार दो सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के पाँचवें दिन उमड़ा जनसैलाब, ढोल नगाड़ों के बीच संजय सिंह का भव्य स्वागत

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी की ह्लरोजगार दो सामाजिक न्याय दोह्व पदयात्रा के पाँचवें दिन मंगलवार को वाराणसी में जनसमर्थन का सैलाब उमड़ पड़ा सुबह मौर्या लॉन, जंसा चौराहा से जैसे ही पदयात्रा आगे बढ़ी, ढोल नगाड़ों, फूलों की वर्षा और गगनभेदी नारों के बीच सांसद संजय सिंह का जोरदार स्वागत किया गया महिलाओं ने आरती उतारी, बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया और बच्चों ने तख्तियों व नारों के साथ पदयात्रा में शामिल होकर माहौल को भावनात्मक जनआंदोलन में बदल दिया इस पदयात्रा में नौनिहालों की आवाज खास तौर पर गूंजी बच्चों के साथ चलते हुए संजय सिंह ने उनके हक की बात उठाई और कहा बच्चों को खेल का मैदान दो, किताब और कलम दो, डर और नफरत नहीं उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अब सिर्फ बड़ों की नहीं रही, इसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एकजुट हो चुके हैं और यही एकता बदलाव की सबसे बड़ी ताकत बनेगी जंसा से गोपालपुरा, कोरोटा होते हुए लहरतारा स्थित समृद्धि होटल बैंक्वेट एंड लॉन तक हर गली, हर चौराहे पर लोगों ने पदयात्रा का स्वागत किया दुकानों से निकलते व्यापारी, घरों से निकलती महिलाएं और स्कूल से लौटते बच्चे हर कोई इस यात्रा का हिस्सा बनता दिखा जनता का यह जोश बता रहा था कि वाराणसी अब सिर्फ देख नहीं रही, बल्कि बदलाव की लड़ाई में सीधे उतर चुकी है मनरेगा पर सरकार को घेरते हुए संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने इस योजना की आत्मा को ही कमजोर कर दिया है राज्यों पर भारी हिस्सेदारी डालकर मनरेगा को धीरेझ्धीरे ठप करने की साज़िश रची गई जिसका खामियाजा गांवों के गरीब मजदूर भुगत रहे हैं काम के दिन घटते जा रहे हैं और भुगतान महीनों लटक रहा है उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस अन्याय को स्वीकार नहीं करेगी और गांवझ्गांव तक रोजगार की गारंटी की लड़ाई लड़ेगी वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के बुनकर समाज और रेहड़ी पटरी वालों के मुद्दे पर संजय सिंह ने नए अंदाज में सरकार को घेरा उन्होंने कहा कि यह वे लोग हैं जिनकी मेहनत से शहरों की पहचान बनी, लेकिन आज वही लोग असुरक्षा और अनिश्चितता में जीने को मजबूर हैं कभी महंगाई, कभी छापे और कभी अव्यवस्थित नीतियों ने इनकी कमर तोड़ दी है संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी का संकल्प है कि इन मेहनतकश वर्गों को सम्मान, स्थायित्व और रोजगार की ठोस गारंटी मिले, ताकि वे डर के नहीं, आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन चला सकें !

# केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में वंदे मातरम के 150 साल के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी** :- केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ वाराणसी (उकलळ्लर) में वंदे मातरम के 150 साल का पूरे होने पर उत्सव समारोह आज से शुरू हुआ जो 20 से 26 जनवरी 2026 तक चलेगा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार 20 जनवरी 2026 मंगलवार को संभोट भवन में एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई जिसके बाद वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और समकालीन प्रासंगिकता पर संक्षिप्त चर्चा हुई समारोह की नोडल अधिकारी डॉ.दीप्ति अग्रवाल ने रजिस्ट्रार डॉ.सुनीता चंद्र को सम्मानित किया अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव डॉ सुनीता चंद्रा ने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा दी और आज भी हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट रहने और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लेने का संदेश देता है इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ.उरगेन, डॉ.अनुराग त्रिपाठी और डॉ.जसमीत गिल रहे, छात्रों ने अंग्रेजी और हिंदी में आत्मविश्वास से भरे और विचारपूर्ण भाषण दिए जिसमें राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक स्मृति और सामूहिक पहचान पर बात की गई कार्यक्रम का समापन रजिस्ट्रार और निर्णायकों के प्रेरणादायक भाषणों के साथ हुआ इस अवसर पर डॉ अभिजीत गुप्ता, डॉ किशन शुक्ला, डॉ अपारुपा बनर्जी, डॉ जम्पा थुपतेन, डॉ नामगांग, डॉ अनिल गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## एसडीओ सिंचाई पुनीत अग्रवाल को मातृ शोक

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**धामपुर।** अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के द्वितीय उपखण्ड में कार्यरत सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल की माता का आकस्मिक स्वर्गवास का समाचार सुनकर खण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रात्रिकाल लगभग 2 बजे बुलन्दशहर स्थित उनके पैतृक आवास में उनका गौलोक गमन हो गया। सूचना प्राप्त होते ही एसडीओ पुनीत अग्रवाल परिवार सहित धामपुर से बुलन्दशहर को रवाना हो गए। खण्डीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिन्तकों ने शोक संतत्व परिवार को सांत्वना देकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। अंतिम संस्कार मोक्षदायनी गंगा के तट पर बृजघाट में किया गया।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस ने अस्सी से तुलसी घाट तक चलाया स्वच्छता अभियान

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी**:- अस्सी घाट पर मंगलवार को गंगा स्वच्छता को लेकर एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया यह अभियान सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं गंगा हरितमा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व संस्था के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा नगर निगम के मुख्य खाद्य एवं सफाई अधिकारी आनंद कुमार ने किया स्वच्छता अभियान की शुरूआत अस्सी घाट से हुई, जो तुलसी घाट तक चला इस दौरान स्वयंसेवकों, नगर निगम कर्मचारियों एवं सीआरपीएफ के जवानों ने गंगा नदी और घाटों पर फैले कचरे को एकत्र किया विशेष रूप से गंगा में प्रवाहित की गई फूल मालाएं, पूजा सामग्री, मूर्तियां, कपड़े और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया गया अभियान में 95वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई जवानों ने घाटों की सफाई करने के साथ-साथ आमजन और श्रद्धालुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया इस अवसर पर गंगा हरितमा के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक संस्था या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई रखें तथा इधर-उधर कूड़ा-कचरा न फेंकें उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण अनेक प्रकार की संक्रामक और गंभीर बीमारियां फैलती हैं जिससे आम जनजीवन प्रभावित होता है यदि समय रहते स्वच्छता पर ध्यान न दिया जाए, तो इसका दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतना पड़ता है अनिल सिंह ने आगे बताया कि इस तरह का स्वच्छता अभियान लगातार वाराणसी के विभिन्न घाटों पर चलाया जा रहा है ताकि मां गंगा को प्रदूषण मुक्त रखा जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं निर्मल गंगा दी जा सके नगर निगम के अधिकारियों ने भी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि आम नागरिक जागरूक होकर कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालें और पूजा सामग्री को सीधे नदी में न प्रवाहित करें, तो गंगा की स्वच्छता बनाए रखना काफी आसान हो सकता है स्वच्छता अभियान के दौरान घाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भी पहल की सराहना की और भविष्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया

# अधिकारी समस्याओं का तेजी से निस्तारण करें: नगरायुक्त




वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आज सात समस्याएं आई। नगरायुक्त शिपू गिरि ने एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया तथा बाकि शिकायतों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का तेजी से निस्तारण करें। वार्ड 4 पंत विहार कॉलोनी निवासी देशपाल ने कॉलोनी की नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का निस्तारण करा दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड 56 सम्राट विक्रम कॉलोनी के मौ. जहूर, वार्ड 6 मौ. अहमद कॉलोनी के मुजक्किर तथा वार्ड 17 मौहल्ला गढ़ी मलूक निवासी इंदर कुमार ने अपनी-अपनी कॉलोनियों में नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड 63 राजपूत कॉलोनी के नसीम अहमद ने कॉलोनी में सीवर की सफाई कराने, वार्ड 7 गत्ता मिल कॉलोनी की सुदेश ने पानी की पाइप लाइन ठीक कराने तथा वार्ड 13 नुमाईश कैंप की सारिका ने नुमाईश कैंप में नालियों के ऊपर किये गए अतिक्रमण को हटवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर में ओलंपियाड परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, बौद्धिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना था। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा शांत, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसी परीक्षाएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ओलंपियाड परीक्षा विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा।

# शिव सैनिक एवं कृषक आज वन क्षेत्राधिकारी को सौपेंगे ज्ञापन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जंगली हाथियों के झुंड फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसान हताश हैं एवं आर्थिक नुकसान बर्दास्त कर रहे हैं। इन दिनों खेतों में गन्ना, गेहू, सरसों आदि तिलहन एवं दलहन की फसल खड़ी हुई है। घना कोहरा एवं सर्दी का मौसम हाथियों से निगरानी में बाधक बना हुआ है। कृषकगण अपनी फसलों के नुकसान से चिंतित हैं। बताया गया कि वन विभाग के अधिकारियों से कई बार अनुरोध किया गया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई।

अफजलगढ क्षेत्र के अन्तर्गत कालागढ वन्य क्षेत्र की सीमा से लगे ग्राम मुरलीवाला, जामनवाला, भिक्कावाला एवं बनियावाला आदि के कृषक प्रतिनिधि शिवसेना यूबीटी के नेतृत्व में कालागढ स्थित फोरेस्ट विभाग के कार्यालय परिसर में एकत्र होकर वनाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वन्य जीवों से फसलों एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु आज 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे एक ज्ञापन वन विभाग उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को सौंपेंगे। शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा ने बताया कि कालागढ़ वन क्षेत्र की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के ग्रामवासियों की फसलों को नुकसान एवं जनमानस पर हो रहे वन्यजीवो के हमलों से सुरक्षा हेतु एक ज्ञापन सौंपकर सुरक्षात्मक उपाये कराने का अनुरोध किया जायेगा

# ब्राह्मण समाज का मुरादाबाद में बड़ा प्रदर्शन कमिश्नर को सौपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया




**मुरादाबाद।** ब्राह्मण समाज मुरादाबाद द्वारा प्रमुख मांगों को लेकर मुरादाबाद कमिश्नर के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन समान आयोग परशुराम जयंती अवकाश पर उग प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर मुरादाबाद में सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क से एक जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा गया। इसमें प्रमुख रूप से श्रवण आयोग का गठन व परशुराम जयंती को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की मांग की एवं सामान्य वर्ग के छात्रों पर कार्रवाई के प्रधान को हटाने तथा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध कठिन उत्पीड़न एवं अन्यायपूर्ण घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग भी की गई। ब्राह्मण मुरादाबाद महानगर की 500 से अधिक ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित हुए जिन्होंने मुरादाबाद की सड़कों पर जन सैलाब की तरह प्रदर्शन करते हुए कमिश्नर के ऑफिस पहुंचे ब्राह्मणों में आज एक नई ऊर्जा और नया जोश देखने को मिला। यह हकीकत और सच्चाई है। ब्राह्मण समाज ने कहा कि एक वर्ग के लोगों को टारगेट किया जा रहा है यह सरकार में बहुत ही गलत द्वेष भाव से कार्रवाई हो रही है। जिसमें ब्राह्मण में एक रोष प्रकट होता जा रहा है। सरकार के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने कहा अगर ऐसे ही होता रहा तो आने वाले चुनाव में ब्राह्मण समाज को एक नई रुख, एक नई दिशा की तरफ जाना पड़ेगा ब्राह्मण समाज के इस प्रदर्शन में सभी ब्राह्मण समाज के संगठनों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। प्रदर्शन करने वालों में चंचल शर्मा, रजत शर्मा, रजत क्षत्रिय, गौरव शर्मा, संजय स्वामी, विनेश शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, अर्जुन शर्मा, अनूप कौशल, रोहतास शर्मा, दुष्यंत कौशल, डॉ व्यास, अमित शर्मा राजू, दीपक शर्मा, नवम शर्मा, नितिन शर्मा, प्रभात शर्मा, गीता शर्मा, प्रियांशु जोशी, अरविंद मिश्रा, पंडित शरद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उससे चोरी हुआ माल बरामद

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नगीना।** नगीना पुलिस ने चोरी की घटना के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उससे चोरी हुआ माल बरामद कर बरामदगी की धारा में वृद्धि के साथ आरोपी को जेल भेज दिया। स्थानीय मोहल्ला लालसराय निवासी मोइनुद्दीन पुत्र शमीम अंसारी ने 19 जनवरी को तहरीर दी थी कि आरोपी शारिक पुत्र सुलेमान उर्फ अच्छन निवासी मोहल्ला काजी सराय द्वितीय तार वाला बाग कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर ने उसकी दुकान का ताला तोडकर 1750 रुपये व दुकान का कुछ सामान बीडी सिगरेट आदि चोरी कर लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना नगीना धारा 331(4)/305( ) बीएनएस पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की और वांछित आरोपी सारिक पुत्र सुलेमान उर्फ अच्छन निवासी मोहल्ला काजी सराय द्वितीय तार वाला बाग कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर को एसआई सोन सिंह पुंडीर व हेड कांस्टेबिल वरुण कुमार व सचिन कुमार ने दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से एक सरिया, ताला व एक जोडी हवाई चप्पल व 2 बंडल बीडी, 01 पैकेट गुटका मय तम्बाकू, 03 पैकेट सिगरेट, 12 पैकेट मच्छरमार अगरबत्ती, 09 पैकेट चायपत्ती, 03 पैकेट चाऊमीन, 01 पैकेट माचिस एवं एक पुलिन्दे में 1490 रु0 की नगदी बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 331(4)/305( ) बीएनएस के साथ धारा 317(2) की वृद्धि की गई। आरोपी को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया।

# नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतनी ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली : जिलाधिकारी जसजीत कौर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत वर्तमान में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने कहा कि नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतना ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होंने सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी, 2026 से आगामी 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य पूर्ण निष्पक्षता पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपन्न कराएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने से वंचित न रहे और ना ही कोई अपात्र व्यक्ति निर्वाचन नामावलियों में अपना नाम शामिल कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्देश दिए की दावे और आपत्तियों के कार्य के अलावा विशेष रूप से फॉर्म 6 बनवाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाए और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी युवा एवं युवती अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रपत्र 6 भरने के लिए मतदाता का वेरिफिकेशन और मैपिंग का कार्य पूरी सावधानी से करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदाता जागरूकता के लिए रेलियों का आयोजन करें और स्कूलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदाता दिवस के दिन सभी बूथों पर सुपरवाइजर्स एवं बीएलओअनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे और पूर्वाहन 11:00 बजे मतदाताओं के साथ शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित करेंगे इसके अलावा सुविधा अनुसार अन्य मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अहमद खिज्र, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी मौजूद थे।

# डॉ पवन सिंघल को कल्कि महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल को कल्कि महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कल्कि महासंघ के पदाधिकारियों और डॉ पवन सिंघल का पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आर. एन रिजॉर्ट सीकरी कला,के सभागार में आयोजित किया गया।इससे पूर्व महासंघ के कार्यकताओं द्वारा कार रैली के माध्यम से लोगों को महासंघ के उदेश्यों से जागरूक किया। कार्यक्रम में नागा बाबा शंकर गिरी महाराज, कल्कि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत विक्रम, प्रदेश प्रभारी योगी मंगलनाथ जी, राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र राणा, राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्णपाल त्यागी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए




कल्कि महासंघ के उद्देश्य संकल्प धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के बारे में विस्तार से बताया।नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ पवन सिंघल ने कहा कि महासंघ द्वारा सनातन धर्म, देशहित, समाज हित एवं संस्कृति एवं सभ्यता के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित ही वे महासंघ में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि संघ के उद्देश्यों को लेकर वे अपने साथियों सहित कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर महासंघ के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह सम्मानित किया गया।

## समर्पित कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी के पदों पर नियुक्त किया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप कंसल की संतुति पर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिष्ठा व लग्न को देखते हुए समर्पित कांग्रेस जनों को जिम्मेदारी के पदों पर नियुक्त किया है। जिसमें केसी गर्ग को जिला उपाध्यक्ष, अनूप सिंह को जिला महासचिव, राकेश शर्मा उर्फ डब्बू जी को जिला सचिव, रविंद्र शर्मा उर्फ राजू शर्मा को जिला सचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की है की पद की गरिमा को रखते हुए पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा के कार्य करते हुए पार्टी उत्थान के लिए कार्य करेंगे तथा कांग्रेस की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय मोदीनगर में प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा पोस्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेलमेट लगाने तथा सीट बेल्ट बंधने का संदेश दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. सारिका त्यागी एवं डॉ. रितु शर्मा रही। कार्यक्रम में पूजा बी ए द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान जिया सचदेवा बी ए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या पूनम शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री शालू देवी द्वारा किया गया।

## मनरेगा मजदूरों का अधिकार, भाजपा की खैरात नहीं: प्रज्ञा गौड़

**बुलंदशहर** मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर क्षेत्र के गांव किशनपुर ठकुरान में मनरेगा संग्राम चौपाल के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता खाटू श्याम आश्रम के महंत व संचालन ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने किया ,जिसमें बिरौली न्याय पंचायत से जुड़े मनरेगा जॉब कार्ड धारक मजदूर सम्मिलित हुए मनरेगा संग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा प्रज्ञा गौड़ ने वर्तमान केंद्र सरकार को तानाशाह बताते हुए हाल ही में मनरेगा योजना को खत्म करने की साजिश के साथ-साथ नए बिल में मजदूरों के हिट पर कोठारा घाट करने का आरोप लगाते हुए राज्यों पर 40% का अतिरिक्त बल डालकर मनरेगा योजना में हुए पिछले वर्षों में भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाते हुए सभी मजदूरों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में लड़ी गई लड़ाई को वर्तमान में सड़क से संसद तक लड़े जाने में उनके साथ देकर मनरेगा को वापस लाने का आह्वान किया उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कांग्रेस पार्टी द्वारा 10 जनवरी से 25 फरवरी तक मनरेगा बचाने के लिए प्रदेश भर के साथ-सा द जनपद बुलंदशहर में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में चल रही चौपाल के माध्यम से मजदूरों से कांग्रेस की मुहिम में जोड़कर होने वाले कलेक्ट्रेट घेराव, विधानसभा घेराव व दिल्ली में हल्ला बोल को सफल कर मनरेगा।

# खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में पत्नी ने पति की जीभ काटी, पति गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया

- परिजनों को बताया कि पत्नी ने मेरी जीभ काटकर अलग कर दी है
- देर रात एक बजे कमरे में बेटे के जोर से चिल्लाने की आवाज आई
- बताया जा रहा है कि सोमवार शाम को पति–पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था

**मोदीनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय पुरी कॉलोनी में खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में एक पत्नी ने देर रात चाकू से अपने पति की जीभ काट दी। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित युवक के परिजनों ने आरोपी बहू के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक मोदीनगर की संजय नगर कॉलोनी में कथित तौर पर खाना बनाने को लेकर हुए झगड़े में सोमवार देर रात सोते समय पत्नी ने पति की जीभ काटकर अलग कर दी। गंभीर हालत में युवक को मेरठ की निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विपिन प्राइवेट कंपनी में काम करता है। विपिन की 8 माह पहले मेरठ निवासी युवती से शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम को पति-पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान विपिन ने पत्नी को थप्पड़ मार दिया था। युवक की मां ममता ने बताया कि रात के समय दोनों अपने कमरे में सोने के लिए चले गए थे। देर रात एक बजे कमरे में बेटे के जोर से चिल्लाने की आवाज आई। जब परिजन कमरे में पहुंचे तो विपिन के मुंह से खून निकल रहा था। उसने परिजनों को बताया कि पत्नी ने मेरी जीभ काटकर अलग कर दी है। विपिन की जीभ बेड पर पड़ी हुई थी। परिजन तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय दंगल में पहलवानों ने क्षेत्र का नाम चमकाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** गांव खंजरपुर के होनहार पहलवान कन्नू पहलवान, कृष्ण पहलवान और कार्तिक पहलवान तथा उनके कोच अभिषेक पहलवान को क्षेत्र वासियों ने दिल से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इन तीनों वीर सपूतों ने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव, क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि न केवल उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, बल्कि उनके कोच अभिषेक पहलवान के मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि इन तीनों बच्चों पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें और उन्हें आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। हमें पूर्ण विश्वास है कि ये पहलवान भविष्य में भी लगातार बेहतरीन परफॉर्मेंस करते हुए अपने देश, गांव और समाज का गौरव बढ़ाते रहेंगे।



# घर से नाराज होकर निकला था नाबालिग बालक पुलिस ने पकड़ा, परिजनों को सौंपा




असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जिले की इटवा पुलिस ने रात में गश्त के दौरान एक नाबालिग लड़के को बरामद किया है। यह लड़का अपने घर से नाराज होकर निकला था और उसके पास से सोने के आभूषण, एक मोबाइल फोन और 31,630 रुपये नकद मिले। पुलिस ने लड़के को उसके परिजनों को सौंप दिया है। यह घटना 19/20 जनवरी 2026 की रात करीब 12 बजे इटवा कस्बे में हुई। रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम ने एक लड़के को घूमते हुए देखा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कमरुद्दीन, पुत्र अब्दुल रहमान, निवासी मैकडीह मुजहनिया, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर बताया। उसकी उम्र लगभग 14 वर्ष है। तलाशी लेने पर कमरुद्दीन के पास से एक हार, एक मोबाइल फोन और 31,630 रुपये नकद बरामद हुए। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई और उसके पिता अब्दुल रहमान को फोन पर सूचना दी गई। कमरुद्दीन के पिता अब्दुल रहमान ने बताया कि उनका बेटा 19 जनवरी 2026 को सुबह करीब 8-9 बजे घर से ये कीमती सामान और रुपये लेकर चला गया था। वे उसकी तलाश कर रहे थे। पूरी पुष्टि के बाद, पुलिस ने नाबालिग लड़के और बरामद किए गए सभी सामान उसके पिता को सौंप दिए। इस कार्रवाई के लिए इटवा पुलिस की क्षेत्र में काफी प्रशंसा हो रही है। परिजनों ने भी पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

## बॉयफ्रेंड के ब्लैकमेल से परेशान नाबालिग युवती ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव में धमकी से परेशान 17 वर्षीय नाबालिग युवती ने 17 जनवरी की शाम करीब चार बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। तीन दिन इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मृतका की भाभी ने कूंडी गांव निवासी जोगिंदर यादव पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। डुमरियागंज पुलिस ने मिले तहरीर के आधार पर आत्महत्या के उकसाने सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, मृतका का एक 29 सेकंड का वीडियो भी पुलिस को सौंपा गया है, जिसमें उसने मानसिक रूप से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के कूंडी गांव निवासी जोगिंदर यादव लाइनमैन का काम करता है, जो उसके घर पर बिजली की समस्या सही करने आता रहता था। उसे घर का मोबाइल नंबर मिल गया, जिसके बाद वह बार–बार फोन करने लगा। जब घर पर वह नहीं रहती थी तो उसकी ननद 17 वर्षीय किशोरी उससे फोन पर बात करती थी।

# शिक्षक संकुल बैठकों में विभागीय एजेंडे पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्यायपंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। शिक्षक संकुलों द्वारा एजेंडा बिंदुओं का परस्पर विभाजन कर सत्रों का प्रभावी संचालन किया गया। न्यायपंचायत रानीनांगल की बैठक प्राथमिक विद्यालय मुंडिया प्रथम में आयोजित हुई। इस दौरान शिक्षक संकुलों द्वारा संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा-शिक्षण में उपयोग करने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल मोहम्मद रिजवान, सुभाष सागर एवं मोहसिन अख्तर ने बताया कि 27 जनवरी से डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन कराया जाना प्रस्तावित है। सभी शिक्षकों से कहा गया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों का नियमित आकलन करते रहें। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में ईको क्लब को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक आकाशवीर सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह, शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, योगेन्द्रपाल सिंह, राजकुमार सिंह, मौ0 लईक सैफी, मोहम्मद अली, प्रेम सिंह, फहीम अहमद, आदर्श कुमार, साजिद अली, मलखान सिंह, राकेश वर्मा, शालिनी रस्तोगी, अर्चना भटनागर, सुगन्धबाला, सोफिया, प्रीति शर्मा, चंचल सिंह, रुपाली यादव, सविता तिवारी और अंशु आदि मौजूद रहे।

## सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिला, हत्या आशंका

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के किनारे गांव कलछीना के पास मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया युवक के सीने में गोली मारकर हत्या करने के बाद शव को दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे पर गांव कलछीना के पास फेंक दिया गया। पुलिस को आशंका है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई। जानवरों के खाने से शव क्षत विक्षत हो गया है। पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को गांव कलछीना के पास सड़क किनारे पुलिस को एक युवक का शव पड़ा मिला। शव के आसपास जानवर मंडरा रहे थे और उसे खा रहे थे। पेट्रोलिंग टीम ने तुरंत इसकी सूचना भोजपुर पुलिस को दी।सूचना मिलते ही भोजपुर थाना प्रभारी सचिन बालियान पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसी बीच एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना भी वहां पर पहुंचे और जरूरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस ने अनुसार शव एक दिन पुराना है। सीने में गोली मारकर हत्या की गई हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और शव को यहां पर फेंका गया है। युवक के सीने तीन गोली मारने के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा सीने पर क्राउन का टेटू बना हुआ और जेएस लिखा हुआ है। घटनास्थल पर फोरेसिंग टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण का पता चलेगा। शिनाख्त के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे में खंगाले जा रहे हैं।

# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार और सीआइबी वाराणसी की संयुक्त टीम ने वाराणसी स्टेशन पर किया चेकिंग

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :**– माघ मेला- 2026 के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गईं इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हों यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है आरपीएफ निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में वाराणसी



स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से महिला व विकलांग कोच में अन्य यात्रियों के न बैठने की हिदायत के साथ अभियान चलाकर चेकिंग की गईं वाराणसी स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार व सीआइबी वाराणसी की संयुक्त टीम चेकिंग के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए खान पान स्टॉल एवं आने वाली ट्रेनों तथा यार्ड की चेकिंग की गई नौ अवैध वेंडर मिले जिनके विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गया।


# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक




असदुल्लाह सिद्दीकी

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना चिल्हिया पुलिस ने ग्राम काशीपुर में महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं को दहेज उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई तथा पीड़ित महिलाओं की काउंसिलिंग भी की गई।

# सील के बाद भी सलामत निर्माण-इंदिरापुरम जोन-6 में जीडीए की कार्रवाई पर बड़ा सवाल



अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम जोन-6 का शक्ति खंड-2 इन दिनों किसी निर्माण स्थल से ज्यादा प्रशासनिक मिलीभगत का मॉडल बनता जा रहा है। जिस अवैध इमारत पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कार्रवाई कर सील लगाने का दावा किया था, वहां आज हालात बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। ताजा तस्वीरें और जमीनी सच्चाई बताती है कि सील सिर्फ कागजों में है, जमीन पर नहीं। सील के बाद तेज हुआ काम, किसकी अनुमति से?

स्थानीय लोगों का कहना है कि सील लगने के कुछ ही समय बाद– निर्माण फिर शुरू हुआ, भारी सामग्री मौके पर पहुंची, मजदूरों की संख्या बढ़ी, और पूरी इमारत को ग्रीन नेट से ढककर काम छिपाने की कोशिश की गई यह सब किसी छुपकर किए जा रहे काम जैसा नहीं, बल्कि खुले संरक्षण का संकेत देता है। सबसे अहम सवाल यह है कि सील तोड़ने की जानकारी जोन-6 के अधिकारियों को क्यों नहीं हुई? या फिर हुई और अनदेखी की गई? जी सुपरवाइजर की भूमिका पर उठे सवाल बिना जूनियर इंजीनियर, सुपरवाइजर और संबंधित अभियंताओं की जानकारी के: सील नहीं टूट सकती, निर्माण सामग्री नहीं आ सकती, और बहुमंज़िला ढांचा खड़ा नहीं हो सकता इसके बावजूद आज तक– न एफआईआर, न सील तोड़ने का मुकदमा, न किसी अधिकारी पर कार्रवाई क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या संगठित चुप्पी? रेज़िडेंशियल इलाके में, कमर्शियल प्लानिंग, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह निर्माण कोई सामान्य उल्लंघन नहीं, बल्कि– रेज़िडेंशियल जोन में, बेसमेंट सहित, पाँच मंज़िला ढांचा कमर्शियल उपयोग की पूरी तैयारी, यानि यह इमारत शुरू से ही नियम तोड़ने के इरादे से खड़ी की गई। गरीब पर कार्रवाई, बिल्डर पर रहम? इलाके में चर्चा का विषय यही है– छोटा निर्माण हो तो तुरंत नोटिस, गरीब मकान बनाए तो बुलडोजर, लेकिन बिल्डर अवैध टावर खड़ा करे तो सिस्टम मौन क्यों हो जाता है? जीडीए की यही दोहरी नीति अब सवालों के घेरे में है। उपाध्यक्ष से सीधे सवाल जनता की निगाह अब सीधे जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल पर है– सील टूटने के बाद अब तक एफआईआर क्यों नहीं? जोन-6 के ज़िम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं? अगर कार्रवाई चल रही है, तो निर्माण कैसे जारी है? चेतावनी: मामला दबा तो नाम सामने आएंगे स्थानीय लोगों ने साफ शब्दों में कहा है– अगर अब भी निर्माण नहीं रोका गया, तो ज़िम्मेदार अधिकारियों के नाम शासन, विजिलेंस तक पहुंचाए जाएंगे। अब फैसला जीडीए के हाथ में है– कार्रवाई या चुप्पी? क्योंकि हर नई तस्वीर सिस्टम की परतें और उधेड़ रही है।

### क्या अवैध निर्माण को मिला अंदरूनी कवच?

# सोलर शक्ति से घरों में रोशनी, पीएम सूर्य घर योजना ने बढ़ाई रफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को व्यापक जनसहभागिता के साथ लागू करने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग ने अलर्ट मोड शुरू कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य न केवल परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना, बल्कि उनके बिजली बिल में कमी लाना और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। योजना के तहत नागरिक अपने घरों में 1 से 3 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पैनल लगाकर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन कर सकते हैं। जिलापूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने मंगलवार को जिले के सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के करीब 554 राशन डीलरों से खुद भी योजना के लिए आवेदन कराए और उनके माध्यम से राशन कार्ड धारकों को भी जागरूक किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिले के 122 पेट्रोल पंप संचालकों और गैस एजेंसियों को भी इस योजना के तहत आवेदन करने के निर्देश दिए गए है। अमित तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना



उपभोक्ताओं को न केवल बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर देती है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार का भी एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बिजली बिल में वास्तविक बचत अनुभव करें। अमित तिवारी की कार्यशैली को इस अभियान में पूरी तरह देखा जा सकता है। उन्होंने न केवल विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट और समयबद्ध लक्ष्य दिए, बल्कि व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक क्षेत्र के राशन डीलर, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी संचालकों से संपर्क कर उन्हें योजना में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, उन्होंने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आवेदन कराने के साथ-साथ वेंडरों की सूची मुख्यालय में जमा कराएं, ताकि योजना की निगरानी और निष्पादन प्रभावी रूप से हो सके। तिवारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से आवेदनकताओं को विशेष सब्सिडी दी जाती है। 1 किलोवाट सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार 30,000 रुपये और राज्य सरकार 15,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट सोलर प्लांट पर क्रमशः 60,000 और 30,000 रुपये, जबकि 3 किलोवाट सोलर प्लांट पर 78,000 और 30,000 रुपये की सहायता मिलती है। इसके साथ ही, बैंक की तरफ से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों तक आसान किस्तों में ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे न केवल बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि उत्पादन की गई अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर नागरिक अतिरिक्त आय भी कमा सकते हैं।

# लापता व्यवसायिक वाहन, 104 करोड़ का टैक्स बकाया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले में परिवहन विभाग के सामने व्यवसायिक वाहनों का एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण मामला सामने आया है।

जिले में वर्ष 2016 के बाद से विभागीय संपर्क से बाहर चल रहे 12,319 व्यवसायिक वाहनों पर 104 करोड़ रुपये से अधिक का कर और पैनल्टी बकाया है। हैरानी की बात यह है कि इन वाहनों में से अधिकांश अपनी वैध 10 वर्षीय अवधि पूरी कर चुके हैं, लेकिन न तो वाहन स्वामियों ने अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया और न ही बकाया कर की अदायगी की। परिवहन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इन वाहनों की फिटनेस और परमिट कई वर्ष पहले ही समाप्त हो चुके हैं, इसके बावजूद ऑनलाइन पोर्टल पर इन पर कर की गणना लगातार जारी है। इसका नतीजा यह हुआ कि बकाया राशि हर वर्ष बढ़ती चली गई, जबकि बड़ी संख्या में वाहन वास्तव में सड़कों पर संचालित ही नहीं हो रहे हैं। विभागीय स्तर पर यह भी सामने आया है कि कई वाहन चोरी हो चुके हैं, कुछ कबाड़ में कट चुके हैं और कुछ सड़क दुर्घटनाओं में पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। विभाग का कहना है कि वाहन स्वामियों द्वारा समय रहते वाहन की स्थिति की सूचना न देने के कारण कर देयता स्वतः समाप्त नहीं होती और इसी वजह से यह भारी बकाया बना हुआ है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने अब सख्त रुखअपनाने का निर्णय लिया है। एआरटी प्रशासन अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे सभी वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। यदि वाहन किसी कारणवश संचालित नहीं हो रहा है, तो वाहन स्वामी को इसके पुख्ता साक्ष्यों के साथ स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से दस दिन के भीतर परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित वाहन के विरुद्ध भू-राजस्व की भांति वसूली की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।

# नोएडा सेक्टर 63 पुलिस ने 2 ठगो को गिरफ्तार किया, देश विदेश घुमाने के नाम पर करते थे ठगी

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर

नोएडा सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने देश-विदेश घुमाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अब आरोपियों की अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी। दोनों के खिलाफ एक वर्ष पहले मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में रहने वाले सौरभ तलवाड़िया ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह पत्नी के साथ वर्ष 2018 में गाजियाबाद के एक मॉल गए थे। मॉल में एक व्यक्ति ने फॉर्म भरवाया और उनका नाम एक लक्की ड्रॉ में डालने की बात कही। कुछ दिनों के बाद उनके पास कॉल आई कि उनका नाम लक्की ड्रॉ में चुना गया है। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के पांच सितारा होटल में बुलाया। यहां उन्हें कम दाम में हॉलिडे पैकेज बताए गए। उन्हें 10 साल तक हर साल सात दिन का हॉलिडे पैकेज देने की बात कही गई। इसके लिए उनसे एक लाख 40 हजार रुपये लिए गए। उन्होंने बाद में मनाली, शिमला समेत कुछ अन्य जगहों पर होटल बुकिंग का प्रयास किया तो कंपनी से कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने होटल को चेक किया तो पता चला कि ऑफर में दिए होटल असल में हैं ही नहीं। इस मामले में पुलिस ने गाजियाबाद निवासी विशाल कुमार राय और दिल्ली के करावल नगर निवासी दीपक राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपियों के खिलाफ सभी मामलों में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल हो चुके हैं। अब आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ है। इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी।



# गाजियाबाद एडिशनल कमिश्नर केशव चौधरी ने गरीबों को वितरित किए कम्बल



इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद

सर्दी ठंडी लहर से इंसान का इतना भी बुरा हाल है कि आय दिन बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना तक वर्जित है उसी कपकपाती ठंड में ऐसे भी असहाय लोग है जो बेघर है वहीं ऐसे लोगो के लिए गाजियाबाद कमिश्नर केशव चौधरी आगे आए और गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किए। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी कैशव चौधरी एक अच्छे इंसान है और इनकी कोशिश रहती है जो भी शिकायती इनके पास अपनी फरियाद लेकर जाता है ये उसे पूरी तरह से संतुष्ट करके भेजते है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में छूटे मतदाताओं को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए मंगलवार को विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एडीएम (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने की। बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल, औद्योगिक संगठन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), नर्सिंग स्टाफ संघ, निर्माण एजेंसियां, सिविल डिफेंस, मीडिया एसोसिएशन तथा आरडब्ल्यूए और एओए जैसे विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। गाजियाबाद के शहरी क्षेत्र होने तथा बड़ी संख्या में विस्थापित कर्मचारियों और श्रमिकों के कार्यरत होने के कारण यह संभावना जताई गई कि गणना अवधि के दौरान कई अर्ह मतदाता अपने गणना प्रपत्र नहीं भर पाए होंगे, जिसके चलते उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संगठनों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं श्रमिकों के फार्म-6 आवश्यक घोषणा पत्र सहित भरवाकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अथवा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) को समय से उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि छूटे हुए एवं अर्ह मतदाता ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। बैठक में संगठनों के सुझावों के आधार पर यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न कार्यालय परिसरों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में विशेष अभियान के तहत कैम्प लगाकर फार्म भरवाने की प्रक्रिया को और गति दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इससे उन मतदाताओं तक भी पहुंच बनाई जा सकेगी, जो कार्यस्थलों पर व्यस्तता के कारण आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। बैठक के अंत में प्रशासन की ओर से सभी संगठनों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ध्वनि माध्यमों, बैठकों और आंतरिक संवाद के जरिए व्यापक जागरूकता फैलाएं। साथ ही औद्योगिक संस्थानों में ऑनलाइन कैम्प आयोजित कराकर अधिक से अधिक अर्ह और छूटे हुए कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदाता सूची में पंजीकृत कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी का नाम छूटने न पाए।

## 36 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कमला नेहरू नगर क्षेत्र से तीन ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक्सयूवी-300 कार में दो थैलों में छिपाकर 36 किलो गांजा ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी राहुल शर्मा, संजय नगर निवासी राहुल कोरी और अभय उर्फ गौरव के रूप में हुई है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे ओडिशा से गांजा लाकर स्थानीय स्तर पर उसकी छोटी-छोटी पुडियां बनाकर बिक्री करते थे। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के दो अन्य साथी, शास्त्रीनगर निवासी पवन और मिसलगढ़ी निवासी सचिन, फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। रिकॉर्ड के मुताबिक राहुल शर्मा पर नौ और राहुल कोरी पर 11 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

# मुन्ना बजरंगी हत्याकांड की सुनवाई आगे बढ़ी, अगली तारीख 2 फरवरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गैंगस्टर मुन्ना बजरंगी की वर्ष 2018 में बागपत जेल में हुई हत्या के मामले में सोमवार को विशेष सीबीआई कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। नौ जुलाई 2018 को बागपत जिला कारागार में मुन्ना बजरंगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे पहले वह झांसी जेल में निरुद्ध था। इस चर्चित हत्याकांड में मुख्य आरोपी गैंगस्टर सुनील राठी है, जबकि परविंद्र राठी, बब्लू तोमर,



ओमवीर राठी और अरविंद राठी के नाम भी आरोपियों में शामिल हैं। मुन्ना बजरंगी की पत्नी सीमा सिंह की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

# संभव जनसुनवाई में 23 संदर्भ दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा आयोजित संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 23 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश शिकायतें निर्माण और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित रहीं। नगर आयुक्त को जनसुनवाई में निर्माण से जुड़े 8, स्वास्थ्य विभाग से 5, उद्यान विभाग से 3, पार्किंग से संबंधित 3, पशु चिकित्सा विभाग से 2, अतिक्रमण से 1 तथा नजारत विभाग से 1 संदर्भ प्राप्त हुए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों के




समाधान के लिए संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्या का निराकरण सुनिश्चित करें। 'संभव कार्यक्रम के दौरान माननीय पार्षदों ने भी नगर आयुक्त के समक्ष शहर के विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे रखे। इस दौरान नगर क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं, नागरिक सुविधाओं और आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शहर में किए जा रहे सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी साझा की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि 'संभवज्जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली प्रत्येक समस्या को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहकर अधिकारी स्वयं स्थल पर जाकर स्थिति का आकलन करें, ताकि समस्याओं का स्थायी और प्रभावी समाधान किया जा सके।